हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 22 जुलाई 2025

06 चातुर्मास मंगल कलश स्थापना में उमड़ा श्रद्धालुओं ...



07 बड़ौदा परियोजना का संचालन जिले से होने पर...





## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 23 जुलाई को

**सागर।** जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत के निर्देशानुसार जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 23 जुलाई को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला पंचायतों के अध्यक्षों के अधिकारों पर चर्चा, पीएचई विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन विहीन शालाएं, जर्जर भवनों, शिक्षा विभाग अंतर्गत शौचालय की समीक्षा कृषि विभाग, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### सड़कों से गौवंश हटाने की कार्रवाई जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर राहुल चहल परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सागर के मार्गदर्शन अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर मवेशियों को हटाने का अभियान सतत रूप से चलाया जा रहा है। इसके साथ ही जन जागरूकता अभियान भी संचालित किया जा रहा है, और घायल मवेशियों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। श्री चहल ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग से गोवंश हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है इसके लिए गौ सेवकों को भी लगाया गया है। गौवंश को हटाकर संबंधित गौशालाओं में भेजा रहा है।

### शासकीय महाविद्यालय गढ़ाकोटा में सेक्टर बैठक आयोजित

**सागर।** रहली विकास खंड के गढ़ाकोटा सेक्टर में शासकीय महाविद्यालय में सेक्टर बैठक आयोजित की गई बैठक में हरियाली अमावस्या पर निकाली जाने वाली नवांकुर सखी यात्रा के संबंध में सभी प्रस्फुटन समिति सदस्यों से विस्तार से चर्चा की साथ ही प्रस्फुटन समितियो द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में चर्चा की एवं आगामी कार्य योजना बनाई गई पुरानी पटेरिया गणेश घाट में नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया ब्लॉक समन्वयक अंजली पाठक द्वारा सभी सदस्यों को एक पेड़ मां के नाम से लगाने के लिए प्रेरित किया गया नवांकुर संस्था द्वारा तैयार की नर्सरी का निरीक्षण किया आज की बैठक में प्रस्फुटन समिति से मोनू साहू, कुंजीलाल प्रजापति, सौरभ पटेल, नरेश कुर्मी, भगवत दत्त पांडे आदि समितियो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जिले में चलाया गया जागरुकता अभियान

**सागर।** जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु 20 दिवसीय जागरूकता अभियान 1 जुलाई से 20 जुलाई के मध्य चलाया गया, अभियान अंतर्गत सागर कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन एवं निर्देश अनुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय टास्क फोर्स टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों का गहन सर्वे किया गया एवं झुग्गी बस्ती में निवासरत बच्चे एवं उनके परिजनों को बच्चों से भीख ना मंगवाने की हिदायत दी गई एवं किशोर न्याय अधिनियम के दंडात्मक कानूनी प्रावधानों से अवगत कराते हुए सख्त चेतावनी दी गई, उक्त संपूर्ण अभियान अंतर्गत सागर जिले में कुल 5 बच्चे चिन्हित किए गए हैं जिनके परिजनों को प्रथम चेतावनी देकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अभियान अंतर्गत जिले की दुकानों, प्रतिष्ठानों, होटलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन संबंधी पेम्पलेट का वितरण किया गया एवं बच्चों को भिक्षा नहीं शिक्षा देने की अपील की गई। जिला स्तरीय सर्वे दल में विशेष किशोर पुलिस इकाई से ज्योति तिवारी, साजिद हुसैन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से अनुराग मौर्य, लक्ष्मी राय, प्रेमवती चढ़ार इत्यादि उपस्थित रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव 2025 आज, पेपरलैस होगा निर्वाचन

# नौ हजार से अधिक मतदाता सरपंच पद के 16 प्रत्याशियों के करेंगे भाग्य का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव 2025 के अंतर्गत सागर जिले में पायलट योजना के माध्यम से पेपरलैस निर्वाचन होगा, जिसमें नौ हजार से अधिक मतदाता सरपंच पद के 16 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला नौ मतदान केन्द्रों पर करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव 2025 की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा चुकी हैं जिसमें मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं, मतदान दल को प्रशिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाएं कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि सागर जिले में 4 सरपंच पदो पर 22 जुलाई दिन मंलवार को प्रातः 7 बजे अपरान्ह 3 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि उपचुनाव के लिए उप निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिले की खुरई जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मुहासा के सरपंच पद के लिए 5 प्रत्याशी मैदान में है जिनको 1250 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरपंच चुनेंगे। जबकि जैसीनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अगरा में 2 प्रत्याशियों के लिए 678 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे इसी जनपद पंचायत में ग्राम पंचायत औरिया सरपंच पद के लिए 3 प्रत्याशी मैदान में है, राहतगढ़ जनपद पंचायत में सेमरा लहरिया में 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### पेपरलेस पंचायत चुनाव में बनेगा नया रिकॉर्ड : सारिका



सागर जिले में पंचायत उपनिर्वाचन के अतर्गत सरपंच पद हेतु मतदान पेपरलेस तरीके से कराए जाएंगे। जिले में पंचायत चुनाव के इतिहास में एक नई इबारत लिखने जा रहा है, जहां पहली बार पेपरलेस बूथ के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। यह चुनाव प्रदेश में एक अनूठा और ऐतिहासिक प्रयोग साबित होगा। कलेक्टर संदीप जी.आर. की पहल पर यह अभिनव प्रयोग मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव अभिषेक सिंह द्वारा पेपरलेस बूथ की परिकल्पना को साकार किया गया है। यह प्रयोग न केवल समय की मांग है, बल्कि भविष्य के चुनावों की दिशा भी तय करेगा। इस अवसर पर स्टेट आइकॉन सारिका घारू ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे शत-प्रतिशत मतदान कर इस नवाचार को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह छोटा सा कदम भविष्य में पूरे प्रदेश और देश में पेपरलेस चुनाव प्रणाली की नींव रखेगा। सारिका घारू ने कहा कि सागर जिले के मतदाताओं का उत्साह और सहयोग ही इस प्रक्रिया को पहचान दिला सकेगा। यह सीमित क्षेत्र में हो रहा प्रयोग भले ही छोटा हो, लेकिन इसकी सफलता से आने वाले समय में चुनाव प्रणाली में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। तो आइए, उमंग और उत्साह के साथ इस ऐतिहासिक पल में भाग लें और सागर का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन करें।

### आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग रहेंगे भ्रमण पर

सागर जिले में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की तीन जनपद पंचायतों के चार ग्राम पंचायतों में सरपंच पद का निर्वाचन होगा। निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त मध्यप्रदेश मनोज श्रीवास्तव जिले की चार ग्राम पंचायतों में होने वाले निर्वाचन का निरीक्षण करेंगे। सचिव स्थानीय निर्वाचन मध्यप्रदेश अभिषेक सिंह के निर्देश पर सागर कलेक्टर कार्यालय में एक बड़ी स्क्रीन लगाई जा रही है जिसमें ऑनलाईन निर्वाचन को देखा जा सकेगा एवं मॉनीटरिंग की जा सकेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देश पर निर्वाचन की सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दल को मतदान सामग्री उनके मतदान केन्द्र पर ही प्राप्त होगी और वहीं से मतदान सामग्री जमा होगी।



## सावन सोमवार पर घर-घर गूंज रहा 'हर हर महादेव': निकली महाकाल की सवारी

**रहली।** पवित्र सावन मास के सोमवार का विशेष महत्व होता है, और इस वर्ष भी रहली में शिव भक्तों का उत्साह चरम पर है। प्रत्येक सावन सोमवार को घर-घर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण, विधि-विधान से पूजन और फिर सुनार नदी में विसर्जन का सिलसिला श्रद्धापूर्वक जारी है। यह दृश्य न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है, बल्कि सामुदायिक सौहार्द का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। रहली नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही घरों में धार्मिक माहौल देखने को मिल रहा है। महिलाएं, बच्चे और पुरुष सभी मिलकर भक्तिभाव से मिट्टी के शिवलिंग का निर्माण कर रहे हैं। इन पार्थिव शिवलिंगों को बेलपत्र, धतूरा, अक्षत, चंदन और विभिन्न पुष्पों से सजाया जा रहा है। पूजन के दौरान शिव चालीसा, महामृत्युंजय मंत्र और अन्य शिव भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो रहा है।नगर के देवलिया मंदिर से महाकाल की भव्य शोभायात्रा भक्तों द्वारा निकाली गई,वही किले वाले हनुमान जी मंदिर में शिवभक्तों द्वारा पार्थिव शिवलिंग पूजन किया जा रहा है। पार्थिव शिवलिंग पूजन की परंपरा सदियों पुरानी है और इसका विशेष आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि मिट्टी से बने शिवलिंग की पूजा करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस वर्ष, लोग व्यक्तिगत रूप से अपने घरों में पूजन करने के साथ-साथ, छोटे-छोटे समूहों में भी इस अनुष्ठान को संपन्न कर रहे हैं, जिससे सामुदायिक भावना और भी प्रगाढ़ हो रही है। पूजन-अर्चन के बाद, शाम होते ही इन पार्थिव शिवलिंगों को अत्यंत श्रद्धापूर्वक सुनार नदी में विसर्जित किया जा रहा है। विसर्जन के दौरान भी भक्त 'हर हर महादेव' और 'जय भोलेनाथ' के जयकारे लगाते हुए देखे जा रहे हैं, जिससे नदी तट पर एक पवित्र और ऊर्जावान वातावरण निर्मित हो रहा है।

## सभी शासकीय चिकित्सालयों में डॉक्टरों के नाम मय फोन नंबर मुख्य गेट पर अंकित कराएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय चिकित्सालयों के डॉक्टरों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित कराएं, अनुपस्थिति पर सख्त कार्यवाही करें एवं सभी शासकीय चिकित्सालयों में डॉक्टरों के नाम मय फोननंबर मुख्य गेट पर अंकित कराएं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह देखने में आया कि संजीवनी क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ समय पर उपस्थित नहीं होते जिससे कि नागरिकों का स्वास्थ्य परिक्षण समय पर नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में मुख्य गेट पर चिकित्सालयों में तैनात डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ के नाम और उनका फोन नंबर अंकित कराएं जाएं अनुपस्थिति पर जिससे कि संबंधित व्यक्ति डॉक्टर से फोन पर बात कर उनकी उपस्थिति की जानकारी ले सके।

उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ अपने अपने कर्तव्य स्थल पर समय पर उपस्थित रहें और अपने कर्तव्यों का शतप्रतिशत पालन करें जिससे कि सभी आवश्यक व्यक्तियों को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में पर्याप्त संसाधन एवं 108 एम्बूलेंस का चयनित प्वाइंट स्थल पर उपस्थिति रहे। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त मात्रा में सभी प्रकार की दवाएं सहित अन्य मेडिकल सामग्री भी उपलब्ध रहे।

## सभी लोकसेवा केन्द्रों का लगातार करें निरीक्षण, सभी व्यवस्थाओं की लें जानकारीः कलेक्टर संदीप जी आर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित किया है कि जिले में संचालित सभी लोकसेवा केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करें एवं लोकसेवा केंद्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह प्रमुखता से देखें कि सभी लोकसेवा केन्द्रों पर उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की शुल्क मुख्य सूचना पटल पर चस्पा की गई है कि नहीं साथ ही यह भी देखें की लोक सेवा केंद्र संचालक के द्वारा समय सीमा में सेवाओं को प्रदान किया जा रहा है कि नहीं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लोक सेवा केंद्र पर पेयजल की सुविधा एवं बैठने के लिए बेंच कुर्सी की व्यवस्था है कि नहीं। उन्होंने कहा कि सभी लोक सेवा केन्द्रों पर आने वाले आवेदनों के लिए जो रजिस्टर संधारित है उसकी जांच करें एवं ली जाने वाली शुल्क की भी जांच की जावे। उन्होंने कहा कि लोकसेवा केंद्रों कहीं भी कोई गड़बड़ी प्राप्त होती है तो तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जावे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लोक सेवा केंद्र पर उपस्थित व्यक्तियों से चर्चा करें और लोक सेवा केंद्र के द्वारा ली गई शुल्क एवं प्रदान की जाने वाली सेवाओं की जानकारी लें।

## सुबह होती है, शाम होती है, जिंदगी इसी तरह तमाम होती है

# पावस पर्व के अंतर्गत 'उम्र कटी पर जिंदगी नहीं गुजरी' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद संस्था द्वारा आयोजित पावस व्याख्यान माला की द्वितीय श्रृंखला के अंतर्गत 'उम्र कटी पर जिंदगी नहीं गुजरी' विषय पर आमंत्रित अतिथियों ने अपने विचार साझा किए जिसमें जीवन की सार्थकता और उसे जीने की कला पर गहन प्रकाश डाला गया। ईएमएमआरसी के निदेशक डॉ. पंकज तिवारी ने जीवन जीने की कला को सार्थकता की तलाश और आनंद व उत्सव के पल संजोने से जोड़ते हुए कहा कि लोक और जनजातीय समाजों से सीखा जा सकता है कि प्रकृति के साथ सीमित साधनों में भी छोटी-छोटी बातों में कैसे आनंद खोजा जा सकता है। उन्होंने भगवान बुद्ध द्वारा खोजी गई विपश्यना ध्यान पद्धति को वर्तमान समय में तनाव और चिंता से मुक्ति पाने में कारगर बताया। डॉ. तिवारी ने बुंदेली लोक कवि ईसुरी की चौघड़िया ₹मानुस कबे-कबे फिर होने रजऊ बोल लो नोनेे₹ को उद्धृत करते हुए जीवन की नश्वरता और प्रेम की निश्छलता को प्रकट किया।

साहित्यकार क्लीं जायसवाल राय सृजन की सार्थकता के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। क्लीं जायसवाल राय ने जीवन को एक बड़ी कला बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति किसी सृजन में रम जाता है, तो वह कुछ सार्थक दे पाता है। उन्होंने ऋषियों और महापुरुषों की जीवनचर्या से प्रेरणा लेने का आह्वान किया ताकि जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाया जा सके। उन्होंने ब्रह्ममुहूर्त में साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे भीतर से आनंद और संतुष्टि का झरना फूटता है, जिससे यह महसूस होता है कि उम्र कटी नहीं, बल्कि जिंदगी को जिया गया है।

योगाचार्य भगत सिंह ने कहा कि जीवन केवल सांसों का क्रम नहीं, यह आत्मा की यात्रा है। भगत सिंह ने अपने उद्बोधन में जीवन को 'काटने' और 'जीने' के बीच का अंतर स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उम्र कैलेंडर में काटी जाती है, जबकि जीवन चेतना और भाव से जिया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मनुष्य जीवन केवल सांसों का क्रम नहीं है, बल्कि यह आत्मा की यात्रा है – चेतना के विस्तार, कर्म के परिष्कार और सेवा के संकल्प का अवसर है। उन्होंने मानस की चौपाई ₹बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथनि गावा का उल्लेख करते हुए मनुष्य जीवन की दुर्लभता और महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए योगाचार्य भगत सिंह को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के सूत्रधार अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने विषय के गूढ़ार्थ और वर्तमान प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष द्विवेदी ने किया और आभार अमित मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से साहित्यकार आर.के. तिवारी, डॉ. नीलिमा पिंपलापुरे, दामोदर अग्निहोत्री, डॉ. रजनीश जैन, डॉ. शोभा सराफ, संजय राय, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, प्रभाकर कंडया, सुमित दुबे, नरेंद्र पटेल, सौरभ मिश्रा, जलज जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय सीताराम नाम बैंक में लेखन पुस्तिकाएं जमा हुई

**सागर।** श्री सीताराम नाम बैंक जिला शाखा सागर के कर्मचारी एवं सीताराम नाम लेखन प्रेमियो का 18 सदस्यीय दल के द्वारा अयोध्या जी पहुँचकर 3600 लिखी हुई लेखन पुस्तिकाओ को अयोध्या जी स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम बैंक मे जमा किया गया। बैंक के सहव्यवस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि सागर से 18 सदस्यीय दल इस पुण्य कार्य हेतु सागर से रवाना हुआ एवं अयोध्या जी पहुंच कर दल के सभी सदस्यो के द्वारा माँ सरयू नदी में स्नान कर हनुमान गढ़ी पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ करने के पश्चात दर्शन लाभ लिया और फिर सीधे बैंक में पहुँचकर बैंक मैनेजर पुनीतराम दास जी महराज से भेंट करने के उपरांत 3600 पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ को बैंक में ज़मा किया गया। पं ब्रजेश द्विवेदी ने आगे बताया कि 3600 लेखन पुस्तिकाओ को जमा करने के पूर्व में 7200 लेखन पुस्तिकाओ को ज़मा किया जा चुका है जो कुल मिलाकर अभी तक सागर बैंक जिला शाखा सागर के द्वारा 10,800 लेखन पुस्तिकाओ को 13 वर्ष में जमा किया गया। उक्त लेखन कार्य अप्रैल 2012 मे डाईट सिरोंजा सागर परिसर स्थित मंदिर मे विराजमान संकट मोचन जी की प्ररणा एवं कृपा से प्रारम्भ हुआ था जो वर्तमान मे भी अनवरत जारी हैं ।



## विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने विश्वकर्मा समाज को दिए कुर्सियां और बर्तन

**सागर।** जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दर्शाते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने विश्वकर्मा समाज को मंगल भवन हेतु 200 कुर्सियाँ और स्टील बर्तनों का सेट प्रदान किया इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार भी मौजूद थे। उनकी इस पहल से न केवल सामाजिक आयोजनों में सुविधा बढ़ेगी, बल्कि प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग में भी कमी आएगी। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि हमने जब मंगल भवन का निर्माण किया तब आप हमारे मन में यह भाव था समाज का वह गरीब वर्ग जो आर्थिक तंगी के कारण बड़े-बड़े मैरिज गार्डन और होटल में अपने बच्चों के विवाह एवं मांगलिक कार्यक्रम संपन्न नहीं कर पाते हैं हम उन्हें एक अच्छा स्थान उपलब्ध कराए। आज इसी कड़ी में हमने अंबेडकर वार्ड के भवन में 200 कुर्सियां और 200 बर्तनों का सेट उपलब्ध कराया है जो एक सामान्य वर्ग के मांगलिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त है । उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने समाज की जरूरतों के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार रहें। प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग ना केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि हमारे भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी खतरा पैदा करता है। स्टील बर्तनों के उपयोग से स्वच्छता बढ़ेगी और प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी।

### अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए निःशुल्क ऑफलाइन कोचिंग, आवेदन आमंत्रित

**सागर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र, सिरौंजा द्वारा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए बैंकिंग, रेलवे, एसएससी एवं म.प्र. शासन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क ऑफलाइन कोचिंग प्रदान की जा रही है। इच्छुक अभ्यार्थी 25 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है। अभ्यार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए एवं परिवार की वार्षिक आय 6 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही, स्नातक परीक्षा में न्यूनतम 55ः अंक प्राप्त होना आवश्यक है। यदि अभ्यार्थी पूर्व में किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र से कोचिंग प्राप्त कर चुका हो, तो वह आवेदन के पात्र नहीं होगा।



## डीपीएस में कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन

**सागर ।** रविवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में आयोजित कराटे बेल्ट परीक्षा का सफल आयोजन सम्पन्न हो गया। आयोजन के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकान्त बाजपेयजुला उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक योगेन्द्र उदैनिया ब्लेक बेल्ट फिफ्त डान उपस्थित रहे। परीक्षा के आयोजन को लेकर विद्यालय के योग, कराटे व कूडो प्रशिक्षक अमित जैन ने बताया, कि कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन जिला कराटे खेल संघ द्वारा कराया गया था, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। परीक्षा में विद्यार्थियों की कराटे तकनीक, काता, कुमीते और आत्मरक्षा कौशल का मूल्याँकन किया गया। परीक्षा का निरीक्षण योगेंद्र उदैनिया की देखरेख में किया गया। वहीं आयोजन के मुख्यातिथि विद्यालय प्राचार्य डॉ. रविकांत वाचपेयजुला ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कराटे केवल एक मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि यह आत्म-नियंत्रण, अनुशासन और आत्मरक्षा की उत्कृष्ट विधा है। विद्यालय के प्रशिक्षक अमित जैन ने बताया कि कराटे बेल्ट परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह होगा; जिसमे विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार नया बेल्ट और प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### गमाखर के उदयपुर खंड की बैठक संपन्न




**गंजबासौदा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के उदयपुर खजयाई बावड़ी हनुमान मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिला गौ रक्षा प्रमुख रविंद्र ठाकुर द्वारा उद्बोधन देते हुए कहा कि धर्म की रक्षा सर्वप्रथम सर्वोपरि होना चाहिए। यह हर एक हिंदू के जीवन में अपना संकल्प होना चाहिए उन्होंने कहा कि यदि हम आज नहीं जागे तो कल हमारे आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी। इसलिए हमें समय से चेतन होगा जागना होगा इसी बीच बैठक में जिला सामाजिक समरसता प्रमुख दिलीप देसाई प्रखंड अध्यक्ष राम प्रकाश कुशवाहा, सुंदर जाट ,शुभम रघुवंशी ,सौरभ दांगी ,प्रदीप शर्मा, उपस्थित रहे। बैठक के बाद नई कार्यकारिणी का विस्तार हुआ जिसमें लक्ष्मी नारायण चौरसिया को उदयपुर खंड का अध्यक्ष बनाया गया। जगदीश साहू उपाध्यक्ष, गिरीश कुशवाहा उपाध्यक्ष, नमन चौरसिया मंत्री, मोहित रैकवार सह मंत्री ,अभिषेक रैकवार संयोजक, धर्मेंद्र राजपूत सह संयोजक ,डालचंद पाल बाल उपासना प्रमुख, ऋतिक राय सुरक्षा प्रमुख ,बृजेंद्र पाल गौ रक्षा प्रमुख बनाए गए। इन सभी को नवीन दायित्व सौंपे गए।

### वामन अवतार जन्मोत्सव के लिए हुई बैठक



**गंजबासौदा।** भगवान वामन अवतार जन्मोत्सव मनाने के लिए ब्रह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक श्री शनि देव शक्ति धाम परिसर में आयोजित की गई। बैठक में ब्राह्मण बंधु उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 सितंबर 2025 को भगवान वामन अवतार जन्मोत्सव एवं सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की पचासवीं वर्षगांठ मनाई जाएगी व अन्य कार्यक्रम की फाइनल रूपरेखा व स्थान तय किया जाएगा। आगामी बैठक दिनांक 27 जुलाई दिन रविवार को सतीश पाराशर का बगीचा बराई पैलेस के पास सिरोंज चौराहे पर आयोजित की गई है। बैठक में पंडित दीपक तिवारी, पंडित दिनेश दंडोतिया, पंडित पुरुषोत्तम उपाध्याय, सुनील बाबू पिंगले, पंडित सतीश पाराशर, पंडित हृदय शर्मा,पंडित अरुण तिवारी, पंडित दीनदयाल शर्मा, पंडित रमेश शर्मा आदि ब्रह्म बंधु उपस्थित थे।



फोटो - सौरभ द्विवेदी

### शिव आराधना का प्रमुख केन्द्र है उदयपुर का मंदिर

**गंजबासौदा।** नगर से करीब 16 किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर उदयपुर मंदिर पर सावन के महीने में श्रद्धालु इन दूर दूर से कांवड़ यात्रा लेकर उदयपुर मंदिर पर दर्शन करने आ रहे हैं। सोमवार को तड़के से ही मंदिर में बेलपत्र और पूजन सामग्री लेकर श्रद्धालु आ जाते हैं और दिनभर भजन पूजन का सिलसिला जारी रहता है इलाके भर से श्रद्धालु दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। वहीं रविवार की रात शमशाबाद के ढाडोन पिपरिया से सैकड़ो श्रद्धालु कावड़ यात्रा लेकर पैदल उदयपुर के लिए निकल पड़े हैं जो तड़के सुबह जल लेकर पहुंच जाएंगे। करीब 300 कांवड़ियों का दल जो की पिछले करीब 7 वर्षों से उदयपुर जा रहा है जिसमें बच्चे बड़े महिलाएं खास तौर से कावड़ यात्रा में शामिल हैं। यहां उल्लेखनीय है कि उदयपुर का यह ऐतिहासिक मंदिर 11 वीं सदी में राजा उदयादित्य परमार द्वारा बनवाया गया था, जो अपने वास्तुकला, स्थापत्य कला के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र में शिवराधना का प्रमुख केन्द्र है।

## पुण्यतिथि पर मानस भवन मंदिर के पास रोपे आम, बादाम, कचनार बहेडा के पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को मानस भवन में नागरिक सेवा समिति के संस्थापक स्वर्गीय विशन भाई की धर्मपत्नी स्वर्गीय रतन बाई शाह की 33 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान में आम, बादाम, कचनार एवं बहेड़ा के पांच पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में अपील की गई कि बरसात के मौसम में हर इंसान को एक पौधा अवश्य लगाकर देख रेख की जिम्मेदारी भी लेना चाहिए, ताकि वह पेड़ बनकर हम लोगों को छाया दे सके और चारों तरफ हरियाली बनी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नागरिक सेवा समिति कार्यालय पर माता जी रतन बाई शाह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर दो सो लोगों को भोजन खीर, पुडी, सब्जी, मिष्ठान, फल वितरण किया गया। इसी मौके पर लगभग एक सौ से अधिक महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं। इसके बाद सभी ने पौधरोपण किया और उनकी देखभाल एवं संरक्षण की भी जिम्मेदारी ली।

इस मौके पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कान्ति भाई शाह, योगेश शाह, गोविंद दास खंडेलवाल, विजय भाई मुंबई,सचिव सुरेश तनवानी,विनीत अरोरा, कोमल शाह, सुभाष शाह, राधेश्याम साहू,महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, लाल बहादुर ताम्रकार, मास्टर वीरम, निवृत्ति, रामगोपाल गुप्ता, सुरेश ताम्रकार, दयाशंकर जायसवाल, केलाश साध्य, नेतराम मिश्रा, जगदीश भावसार, प्रदीप नेमा, रविंद्र जैन बुक डिपो, संतोष शर्मा, देवी लाल कुशवाह, प्रेम नारायण, नीतेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### तिरंगा चौक का नाम आचार्यश्री के नाम पर करने पर बनी सहमति

# चातुर्मास मंगल कलश स्थापना में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





समाधिस्थ सम्राट दिगम्बरचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभव सागर महाराज, मुनिश्री निस्सीम सागर महाराज, मुनिश्री श्रमण सागर महाराज, मुनिश्री संस्कार सागर महाराज, मुनिश्री ओमकार सागर महाराज, ऐलक श्री गौरव सागर महाराज के मंगल कलश स्थापना कार्यक्रम में नगर सहित आसपास और अन्य प्रदेशों से भी बडी संख्या में श्रद्धालु नगर में आए।

महावीर विहार में आयोजित कार्यक्रम का मंगला चरण पाठशाला के भहैया बहनों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। हिता जैन के मंगल गीत के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कुंडलपुर के बड़े बाबा के चित्र का अनावरण ब्र भैया द्वारा किया गया। संत शिरोमणि आचार्य श्री के चित्र का अनावरण ब्र बहनों द्वारा किया गया। नवाचार्य श्री 108 समय सागरजी के चित्र का अनावरण सभी मंदिर एवं चैत्यालय के पदाधिकरी गण द्वारा किया गया। कुंडलपुर के बड़े बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन विदिशा से आए अथिति गण द्वारा हुआ। आचर्यश्री विद्यासागर महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलन का सौभाग्य पूज्य मुनिश्री संभव सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के परिवारजन द्वारा किया गया। आचर्यश्री समय सागरजी महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलन का सौभाग्य पूज्य समस्त मुनिराजों के परिवारजन द्वारा गृहस्थ जीवन के परिवार जन द्वारा किया गया।

नगर के आठो जिनालय के मूलनायक भगवान के प्रतिनिधित्व कर रहे सभी जन्मे के समक्ष दीप प्रज्वलन क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी ,नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव , पूर्व विधायक लीना जैन, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं बासौदा हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद सतीश जैन कटारे, समाज सेवी कांति भाई शाह, सुरेश चंद जैन, महेंद्र जैन बड़कुल, सवाई सिंघई श्रीमल जैन ने किया। पश्चात मंगल चातुर्मास स्थापना हेतु मुनिसंघ को श्रीफल समर्पित इंदरचंद जैन श्री चंद्रप्रभु जिनालय , अशोक जैन ठेकेदार श्री 1008 पारसनाथ जिनालय , देवेंद्र कटारे श्री शांतिनाथ जिनालय आदेश जैन श्री त्रिमूर्ति जिनालय , पंडित रमेश भरत अति प्राचीन सुभाष नाथ वाले रमेश भंडारी श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक, राकेश जैन कंट्रोल एवं ताराचंद जैन श्री पारसनाथ जिनालय परसोद्वय तीर्थ क्षेत्र धुसरपुरा , पुनीत जैन एवं संतोष कटारे आचार्य विद्यासागर गौशाला कांचरोद रोड, आनंद मोदी दयोदय गौशाला बरीघाट, उपस्थित सकल जैन समाज के सभी संगठन एवं पदाधिकारी एवं जनसमूह द्वारा श्रीफल समर्पण कर मुनिसंघ से मंगल चातुर्मास की स्थापना करने की विनय की।

इस दौरान नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के अलावा नागपुर, भोपाल, जबलपुर, गोटेगांव, विदिशा, पनागर, आरोन, सागर, राहतगढ़, गुना, पठारी, कुरवाई, मंडी बामोरा, बीना, जयपुर, इंदौर जबलपुर त्योंदा, सिरनोटा, सिरोंज अशोकनगर से भी बडी संख्या में श्रदालु जन शामिल हुए। इस मौके पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने आचार्य श्री को बारंबार नमन करते हुए उपस्थित जन समुदाय के जैन समाज की मांग को स्वीकार करते हुए तिरंगा चौक का नाम संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर चौक करने पर सहमति प्रदान की। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव में अपने उद्बोधन में पुराने बस स्टैंड पर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के स्वर्ण दीक्षा महोत्सव पर निर्माणधीन कीर्ति स्तंभ का कार्य शीघ्र जैन समाज से करने का आग्रह किया एवं व्यवस्थित रूप से भारत माता की मूर्ति, शहीदों की मूर्ति स्थापित कर उस क्षेत्र को आकर्षक बनाने का प्रस्ताव दिया। जिसका करतल ध्वनि में समाज ने अभिवादन किया। साथ ही तिरंगा चौक को संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर चौक नामकरण के हेतु शीघ्र प्रशासनिक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### योग साधकों ने किया पौधरोपण



**गंजबासौदा।** रविवार को सिटी सेंटर योग कक्षा के योग साधकों द्वारा योग करने के बाद में अन्नपूर्णा मैरिज गार्डन में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के मुख्य आतिथ्य में पौधरोपण किया गया। साथ ही गोट आयोजन किया गया जिसमें योग गुरु जगदीश यादव, सुनीता भावसार के साथ ही योग साधक सीमा शर्मा, रेखा श्रीवास्तव ,राजेंद्र व्यास, प्रवीण शर्मा, देवेंद्र वर्मा, हरि किशोर श्रीवास्तव, कृष्ण अग्रवाल, मोहन भावसार, राजेश नेमा, हरिराम साहू, राजकुमारी, रजनी अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, निशा व्यास, आरपी शर्मा, पदमा भावसार, सविता कुशवाहा, सृष्टि यादव, सनी भावसार पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष, डा.रागिनी वर्मा, रोहिणी बक्शी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और जरासंध के युद्ध के बारे में किया व्याख्यान



**गंजबासौदा।** रघुवंशी धर्मशाला बरेठ रोड में चल रही श्री मद भागवत कथा के सातवें दिन श्री धाम वृन्दावन से आए कथा व्यास उज्जवल कृष्ण महाराज के द्वारा सुदामा चरित्र श्रवण कराया। महाराज ने बताया कि जो सुदामा की तरह भगवान को अपना तन मन और धन समर्पित करता है, भगवान उसको अपना सर्वस्व प्रदान कर देते हैं। इस दौरान उन्होंने जरासंध के युद्ध के बारे में बताते हुए कहा भगवान श्री कृष्ण ने भेष बदलकर युद्ध की मांग की तब जरासंध ने कहा युद्ध तो क्षत्रिय करते हैं मगर तुम तो क्षत्रिय नहीं हो अपना परिचय दो तब श्री कृष्ण ने अपना परिचय देते हुए युद्ध के लिए भीम को आगे किया, भीम से युद्ध करने के लिए जरासंध तैयार हुआ 27 दिन तक युद्ध चलता रहा। भीम ने श्री कृष्ण से कहा ऐसे युद्ध कितने दिन तक चलेगा, तब श्री कृष्ण भगवान ने उनको लकड़ी के तिनके को दो टुकड़ों में फाड़कर विपरीत दिशाओं में फेंकने का इशारा किया, तब जरासंध का वध हो पाया। श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर राम प्रिय दास महाराज, रामानुज शास्त्री अयोध्या, अनिल महाराज सहित अनेक साधु संत उपस्थित थे। कथा के दैनिक यजमान शंकर दयाल शर्मा, उषा शर्मा, धीरेंद्र यादव, नीलम यादव, रामदयाल प्रजापति, काशीबाई प्रजापति, महामंडलेश्वर श्रीश्री 108 बालक दास महाराज नूरपुर धाम, विशाल दास वैष्णव, विकास एलिया, डॉ. विनीत तिवारी, तरुण महाराज, गोपाल आचार्य, सुमन आचार्य, दिनेश प्रजापति सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय अंखड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की प्रदेश कार्यकारिणी राष्टीय अध्यक्ष उमाशंकर एवं वरिष्ठजनों की सहमति से प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी द्वारा घोषित की गई। कार्यकारिणी मे अजयसिंह बुरहानपुर, संजय सिंह अशोकनगर को कार्यकारी अध्यक्ष और बृजेश सिंह भोपाल को महासचिव, प्रथ्वी सिंह रघुवंशी बसरिया बासौदा को कोशाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष केशवसिंह उदयपुरा, प्रतापसिंह अशोकनगर, ओमबीरसिंह आरोन, माधवसिंह अशोकनगर, बलबीरसिंह बिदिशा, भेरूसिंह पीतमपुर, मनोज पत्रकार खरगोन, माधवसिंह सीराबाडा, कबिन्द्रसिंह बरेली, भबानीसिंह भोपाल, बीरसिंह कक्का बिदिशा, यशबंतसिंह गुना, भारतसिंह, अजीतसिंह इंदोर, दानसिंह छिंदबाडा, मुकेशसिंह बनापुरा, गगनेन्द्रसिंह लटेरी, लेखराजसिंह छिंदबाडा, जयसिंह इंदोर, शेखर रघुवंशी हरदा बनाए गये हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी में अन्य सदस्य भी शामिल हैं।

### वेदांत आश्रम में चल रहा है शिवार्चन

# कलियुग में पार्थिव शिवलिंग निर्माण को श्रेष्ठ कहा गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सतयुग में मणिलिंग, त्रेतायुग में स्वर्ण लिंग, द्वापर में पारद एवं कलियुग में पार्थिवलिंग के निर्माण और पूजन को श्रेष्ठ कहा गया है। शिव महापुराण के विद्येश्वर संहिता अध्याय उन्नीस में उल्लेख है कि भगवान शिव के सभी आठ मूर्तियों में पार्थिव मूर्ति श्रेष्ठ है। किसी अन्य द्वारा न पूजी हुई नवनिर्मित पार्थिव मूर्ति के पूजा करने से तपस्या से अधिक फल प्राप्त होता है। जैसे सभी देवताओं में शंकर ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कहे जाते हैं। उसी प्रकार सभी लिंग मूर्तियों में पार्थिव लिंग श्रेष्ठ कहा जाता है। सभी नदियों में गंगा ज्येष्ठ और श्रेष्ठ कही जाती हैं, वैसे ही सभी लिंग मूर्तियों में पार्थिवलिंग श्रेष्ठ कहा जाता है। जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में सावन के पावन मौके पर बन रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान आश्रम के महंत हरिहरदास जी महाराज ने उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा को स्त्री पुरुष सभी कर सकते हैं। यह सम्पूर्ण मनोरथों को पूर्ण करने वाली है। पार्थिव शिवलिंग मिट्टी, जल, भस्म, चन्दन, शहद आदि को मिश्रित (मिलाकर) करके अपने हाथों से निर्मित किया जाता है। इसके लिए छानी हुई शुद्ध मिट्टी, गाय का गोबर, गुड़, मक्खन, शहद ,चन्दन और भस्म मिलाकर शिवलिंग का निर्माण करना चाहिए। रविवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक पूजन यजमान बृज किशोर सुहाने एवं सौरव सुहाने द्वारा किया गया। आश्रम में संस्कृत विद्यालय के वेदमूर्ति पं. शिवशंकर पाण्डेय वेदध्यापक बनारस ने बताया कि पार्थिव पूजन कालसर्प योग, गृहक्लेश, व्यापार में नुकसान, शिक्षा में रुकावट सभी कार्यों एवं बाधाओं को दूर करने के लिए रुद्राभिषेक आपके अभीष्ट सिद्धि के लिए फलदायक है। पशु, भवन, वाहन प्राप्ति के लिए दही, लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए इक्षु रस (गन्ने का रस), धन प्राप्ति के लिए मधु (शहद) और घृत (घी) से, मोक्ष प्राप्ति के लिए तीर्थ के जल से अभिषेक करना चाहिए। पुत्र की इच्छा करने वाले व्यक्ति को दूध से शिवजी का अभिषेक करना चाहिए। प्रमेह रोग के विनाश के लिए विशेष रूप से केवल दूध की धारा से अभिषेक करना चाहिए। इससे मनोवांछित कामना की भी पूर्ति होती है। बुद्धि की जड़ता को दूर करने के लिए और बुद्धि तेज करने के लिए शक्कर मिले दूध से अभिषेक करना चाहिए, ऐसा करने पर भगवान शंकर की कृपा से उसकी बुद्धि श्रेष्ठ हो जाती है। सरसों के तेल से अभिषेक करने पर शत्रु का विनाश हो जाता है। उन्होंने बताया कि आश्रम में अध्ययनरत वेदपाठी बटुक विद्यार्थियों के द्वारा भगवान शंकर की पार्थिव शिवलिंग का शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रों से पृथक पृथक पूजन एवं शुक्ल यजुर्वेद में भगवान शिव को समर्पित विशेष मंत्र जिन्हें रुद्राष्टाध्यायी के नाम से जाना जाता है, ऐसे दिव्य मंत्रों के सस्वर पाठ से भगवान का रुद्राभिषेक नित्य कराया जा रहा है।

# जिला स्तरीय पत्रकार मिलन समारोह में लोकतंत्र के चारों स्तंभ एक साथ मंच पर नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




रविवार को स्थानीय दाद्जी प्लाजा में जर्नलिस्टस यूनियन का जिला स्तरीय पत्रकार मिलन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें जिले की विभिन्न तहसीलों से पधारे पत्रकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रथम जिला न्यायाधीश एवं गंजबासौदा न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश व विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी एवं सिविल जज रावेंद्र सोनी, मुख्य अतिथि यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राधावल्लभ शारदा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम विजय राय, विशेष अतिथि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवं ब्रह्म ऋषि नारद मुनि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रस्तावना से यूनियन के सचिव माधव शर्मा ने सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात न्यायालय के न्यायाधीश एवं विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी ने पत्रकारों को संविधान द्वारा प्रदत्त उनके अधिकारों से अवगत कराया। इसके साथ ही निष्पक्ष एवं ईमानदार रहते हुए पत्रकारिता करने की बात कही। उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का समाज हित में उपयोग करने की बात कही।

न्यायाधीश ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में पत्रकारों के कई सवालों के जवाब दिए।उन्होंने किन-किन परिस्थितियों में और कहां-कहां पर वीडियो रिकॉर्डिंग कॉल रिकॉर्डिंग की जानी चाहिए इसे विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि पत्रकारिता को पेशा नहीं समझना जाना चाहिए। यह सेवा का क्षेत्र है और पत्रकार को एक सेवक की भांति अपने पत्रकार धर्म को निभाते हुए शासन- प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हुए जनहित के मुद्दों को हल करने की दिशा में कार्य करते रहना चाहिए। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है, पत्रकार जो भी खबर में लिखते है, लोग उसे सच मान लेते हैं। इसलिए पत्रकारिता में सच्चाई होना आवश्यक है। जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी ने कहा कि पत्रकार कई खबरें जोखिम उठाकर पहुंचाते हैं। शासन प्रशासन का यह प्रयास होना चाहिए कि जन समस्याओं और भ्रष्टाचार की खबरों पर त्वरित कार्रवाई हो।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राधा वल्लभ शारदा ने अपने पत्रकारिता के 55 वर्ष के अनुभव को साझा किया। उन्होंने असेंबली ऑफ़ एमपी जर्नलिस्टस यूनियन के जिला अध्यक्ष के रूप में गगन दुबे के नाम की घोषणा की। इस दौरान पत्रकारों का भी सम्मान किया गया।

### बाबा सोए जा घर में टांग पसारे वा घर में, कहावत चरितार्थ हो रही

# बड़ौदा परियोजना का संचालन जिले से होने पर बढ़ रहा वित्तीय भार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बाबा सोए या घर में टांग पसारे वा घर में, वाली कहावत महिला बाल विकास विभाग द्वारा चरितार्थ की जा रही है। दरअसल विभाग की जिले में 6 परियोजनाएं संचालित हैं जिनको सुविधा की दृष्टि से मुख्यालय (सीडीपीओ ऑफिस) उन्हीं स्थानों पर बनाए गए हैं जहां परियोजना की आंगनबाड़िया संचालित हैं, पर बड़ौदा परियोजना का ऑफिस जिला मुख्यालय पर संचालित हो रहा है। जिसके चलते जहां कार्यकर्ताओं को परियोजना कार्यालय में विभागीय काम के लिए आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है वही सेक्टर सुपरवाइजर जिला मुख्यालय स्थित परियोजना कार्यालय में आने जाने के नाम पर टीए बिल (यात्रा भत्ता बिल) निकालकर विभाग पर अतिरिक्त वित्तीय भार भी डाल रही हैं।

महिला बाल विकास विभाग ने बडौदा परियोजना को 6 सेक्टर में बांटा है इन 6 सेक्टरों के माध्यम से परियोजना की 166 आंगनवाड़ी का संचालन किया जाता है। कई आंगनवाड़ियां तो इतनी अधिक दूर है कि केंद्र से जिला मुख्यालय तक आने और वापस जाने में दिन भर लग जाता है कभी-कभी तो बसे नहीं मिलने पर कार्य कर्ताओं को बेहद परेशानी उठानी पड़ती है। प्रश्न यह उठ रहा है कि जब बड़ौदा मुख्यालय पर परियोजना अलग है तो उसका दफ्तर बड़ौदा मुख्यालय पर क्यों नहीं खोला गया है बड़ौदा मुख्यालय की सभी कार्यकर्ताओं को अपने परियोजना कार्यालय में काम के लिए जिला मुख्यालय पर क्यों बुलाया जाता है बेवजह कार्यकर्ताओं को सफ़र करवाने के कारण जहां आईसीडीएस की व्यवस्था बिगड़ रही है वहीं बैठक आदि के लिए परियोजना कार्यालय पर भी पहुंचने के नाम सुपरवाइजर टीए बिल बनाकर अपनी आमदनी भी बढाने का काम कर रही हैं शायद यही एक कारण भी है कि बड़ौदा मुख्यालय पर सारी सुविधाएं होने के बावजूद भी सीडीपीओ कार्यालय वहां शिफ्ट नहीं किया जा रहा। बड़ौदा मुख्यालय पर परियोजना कार्यालय नहीं होने का खामियाजा सबसे अधिक मकड़ावदा सेक्टर की कार्यकर्ताओं को उठाना पड़ रहा है दरअसल मकड़ावदा सेक्टर के अंतर्गत आने वाले गांव कुहांजापुर आसपास के गांव बड़ौदा से करीब 10 से 15 किलोमीटर दूर बसे हुए हैं यहां से इन कार्यकर्ताओं का पहला बड़ौदा और फिर वहां से जिला मुख्यालय आना पड़ता है।



#### सीडीपीओ ने दिए निर्देश स्थानीय स्तर पर हो सेक्टर बैठक

सीडीपीओ पवन जीत सिंह अरोरा ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सेक्टर बैठक में के नाम पर जिला मुख्यालय पर बुलाने ओर इसके लिए होने वाली परेशानी को देखते हुए परियोजना स्तर की बैठक बड़ौदा मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र पर अथवा सेक्टर मुख्यालय पर सेक्टर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं जिसके बाद अब कार्यकर्ताओं को जिला मुख्यालय पर आने से मुक्ति मिल गई है।

#### ये सेक्टर आते है बडौदा परियोजना में

महिला बाल विकास विभाग ने बडौदा परियोजना में जिन 6 सेक्टरों को शामिल किया है, उनमें सेक्टर बडौदा, मकड़ावदा ए, मकड़ावदा बी, ललितपुरा, पांडोला ए, पांडोला बी शामिल है।

#### इनका कहना है

हालांकि हमने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित कर दिया है कि सेक्टर बैठक सेक्टर स्तर पर आयोजित करें साथ ही भोपाल में ग्रामीण वन और ग्रामीण (बड़ोदा) परियोजना के लिए मुख्यालय परियोजनाओं में शिफ्ट करने प्रस्ताव भेजा गया है जैसे ही स्वीकृति मिलेगी वैसे ही इन दोनों परियोजनाओं के मुख्यालय भी अपने क्षेत्र में स्थापित कर दिए जाएंगे।

**पवन जीत सिंह अरोरा**
**सीडीपीओ परियोजना बडौदा**

### सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान

# तीन पंचायतों में सरपंच पद के लिए वोटिंग आज, मतदान दल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पंचायत उप निर्वाचन के तहत 22 जुलाई मंगलवार को तीन पंचायतो में सरपंच पद के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन संजय जैन, रिटर्निंग आफिसर कराहल रोशनी शेख एवं श्योपुर मनीषा मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मतदान सामग्री का वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। सभी मतदान दल संबंधित मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए है। जहां 22 जुलाई को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक वोट डाले जायेंगे। मतो की गिनती का कार्य 26 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से विकासखण्ड मुख्यालय पर होगा।जिन पंचायतो में सरपंच पद के रिक्त पदों पर वोटिंग होगी, उनमें श्योपुर विकासखण्ड की पंचायत दलारना कलां तथा कराहल विकासखण्ड की पंचायत मोरावन एवं जाखदा है। दलारना कला एवं मोरावन में 3-3 और जाखदा में दो मतदान केन्द्र बनाये गये है, इन मतदान केन्द्रों पर ईव्हीएम के माध्यम से सरपंच पद के लिए मतदान कराया जायेगा। ग्राम पंचायत दलारना कलां एवं मोरावन में 4-4 तथा जाखदा में 2 अभ्यर्थी निर्वाचन लड रहें है।

### प्रेमसर क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर और एसडीएम को बताई परेशानी

# अतिक्रमण ने रोक दी पानी की निकासी,दो हजार बीघा में खड़ी धान की फसल जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



प्रेमसर क्षेत्र के किसानों ने सोमवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसडीएम बीएस श्रीवास्तव से मुलाकात करके उन्हें खेतो में पानी की निकासी अवरूद्ध होने से करीब 2 हजार बीघा में खडी धान की फसल के जलमग्न होने की परेशानी बताई। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने दो दिन के भीतर समस्या का समाधान कराए जाने का भरोसा किसानों को दिलाया है।

सोमवार को नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा संजय मंगल की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रेमसर क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन सौपकर बताया कि प्रेमसर क्षेत्र में गांधीनगर के पास मेन रोड का हार तथा ननावद के हार में अतिक्रमण के कारण खेतों से जल निकासी के रास्ते अवरूद्ध हो गए है। जिसकारण इन दिनों हुई अतिवर्षा के कारण करीब 2 बीघा खेत में रोपी गई धान की फसल जलमग्न हो गई है। जल्द ही खेतो से पानी की निकासी नहीं कराई गई तो यह धान की फसल नष्ट हो जाएगी और क्षेत्र के किसानों को काफी आर्थिक नुकसान भुगतना पडेगा। किसानों ने कलेक्टर और एसडीएम को समस्या बताते हुए अनुरोध किया है कि पानी निकासी के लिए जो नाला बना हुआ है, उस पर प्रभावशाली लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे हटवाते हुए पानी निकासी का इंतजाम करवाया जाए। किसानों ने तीन दिन में समस्या का समाधान न होने की स्थिति में आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है। आवेदन सौपने के दौरान कलेक्टर ने किसानों को दो दिन के भीतर समस्या समाधान का आश्वासन दिया है।

### घंटेभर तक हाईवे के दोनों और रुके रहे वाहन, देहात थाना पुलिस ने खुलवाया जाम

# बिजली समस्या को लेकर रायपुरा गांव के किसानों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



बिजली समस्या को लेकर सोमवार को रायपुरा गांव के किसानों ने श्योपुर सवाईमाधोपुर हाईवे पर जाम लगाकर आवागमन बाधित कर दिया। करीब एक घंटा तक लगे जाम के कारण हाईवे के दोनों और बड़ी संख्या में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समझाइश देकर जाम खुलवाया।

रायपुरा के किसानों ने बताया कि सरकार और बिजली कंपनी के शेड्यूल के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए 10 घंटा बिजली दिए जाने का प्रावधान है लेकिन रायपुर क्षेत्र में सिर्फ चार घंटे बिजली दी जा रही है उसमें भी वोल्टेज इतना कम आ रहा है कि बोर ठीक से चल नहीं पा रही है किसानों ने क्षेत्र में बड़ी संख्या में धान की रोपाई कर दी है जो सिंचाई नहीं होने के कारण सूखने के कगार पर पहुंच गई है अगर कुछ दिन और पानी नहीं मिला तो किसान बर्बाद हो जाएंगे कई बार बिजली कंपनी के दफ्तर पहुंच कर किसान गुहार लगा चुके हैं लेकिन बिजली अधिकारी समस्या का निराकरण नहीं कर रहे हैं मजबूरी में किसानों को आज जाम लगना पड़ा। इस दौरान देहात पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे बिजली कंपनी के कनिष्ठ यंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र ही नया पीटीआर बदलवा कर बिजली समस्या का निराकरण करेंगे। हांलाकि आश्वासन के बाद जाम हटा दिया गया,लेकिन जाम लगने के कारण यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पडी। कई तो रायपुरा से ही बसों से पैदल उतरकर श्योपुर की ओर ऑटो और अपने निजी साधनों से लौटते देखे गए।

# मारपीट के मामले में चार दोषियों को एक साल का सश्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मारपीट के चार साल पुराने मामले में विजयपुर के प्रथम श्रेणी न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को एक एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुना दी है। साथही 2-2 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाली एडीपीओ पूजा गुप्ता ने बताया कि चार साल पुराना यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव दोर्द का है। जहां पेड काटने की बात को लेकर हुए विवाद के दौरान नामजद आरोपियों ने फरियादी और उसके परिवार के लोगो की मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने मारपीट का प्रकरण दर्ज कर चालान विजयपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी लाखन जाटव, गजेन्द्र जाटव, पवन जाटव निवासी दोर्द तथा रामवीर जाटव निवासी उपचा को दोषी मानते हुए एक एक साल के सश्रम कारावास और 2-2 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी है।

# कांग्रेस का प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस 23 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 बजे प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगी। यह जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अतुल चौहान ने प्रेस नोट जारी कर दी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने बताया कि श्योपुर जिले में व्याप्त खाद की समस्या,बिगड़ती कानून व्यवस्था, नशे के अवैध कारोबार से युवाओं की बिगड़ती पीढ़ी, सड़क पुल, पुलिया सहित बिजली की बिगड़ती व्यवस्था, नगरपालिका में व्याप्त अव्यवस्थाओं सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस बुधवार को प्रदर्शन कर ज्ञापन देगी। जिलाध्यक्ष चौहान ने आमजन सहित कांग्रेस जनों से प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# जेसीआई सदस्य अपने व्यक्तित्व को स्तर अनुसार विकसित करें: तन्मय



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जेसीआई व्यक्तित्व विकास, सामुदायिक विकास एवं व्यापार विकास के साथ कई क्षेत्रों में कार्य कर रही है। इसके सदस्यों को न केवल अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर मिलता है बल्कि खुद को इंटरनेशनल स्तर पर प्रदर्शित करने का भी अवसर मिलता है। इसलिए जेसीआई से जुड़े सदस्य खुद को उसी स्तर पर प्रदर्शित करने का प्रयास भी करें जिस स्तर पर वो जेसीआई के साथ सेवाएं दे रहे हैं यह बात जेसीआई के ओरियंटेशल सेमिनार में जयपुर से आए प्रोविजनल नेशनल ट्रेनर डॉ तन्मय अग्रवाल ने सोमवार को आयोजित हुए सेमिनार में जेसीआई सदस्यों को समझाइश देते हुए कही।

जेसीआई सदस्यों के लिए आयोजित सेमिनार में जयपुर से आए प्रोविजनल नेशनल ट्रेनर डॉ तन्मय अग्रवाल द्वारा बताया गया कि जेसीआई व्यक्तित्व विकास, सामुदायिक विकास एवं व्यापार विकास के साथ कई क्षेत्रों में कार्य कर रही है। इसके सदस्यों को न केवल अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर मिलता है अपितु मंडल, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलता है। इन कार्यक्रमों में भागीदारी से वे अपनी नेटवर्किंग बढ़ा सकते हैं जो कि उन्हें व्यक्तिगत सामाजिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में उन्नति की ओर ले जाता है। श्योपुर में नौकरी पेशा कम एवं व्यापारी वर्ग ज्यादा है अतः उनके लिए जेसीआई से जुड़ना अपने व्यापार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक सुनहरा अवसर भी होता है।

### प्रशासन ने प्रस्तावित की 4 हेक्टेयर भूमि, इधर छात्रों ने किया विरोध

# मूंडला की जमीन अमान्य, अब सलमानियां गांव में बनेगा बड़ौदा महाविद्यालय का भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तहसील मुख्यालय बड़ौदा कस्बे में संचालित शासकीय महाविद्यालय का नवीन भवन अब सलमालिया गांव के पास बनाया जाएगा। हालांकि पहले मूंडला में महाविद्यालय भवन बनाए जाने के लिए जमीन आंवटित कर दी गई थी। लेकिन आंवटित जमीन 4 हेक्टेयर से कम होने की वजह से मूंडला गांव की जमीन को शासन स्तर से अमान्य कर दिया गया है। इसलिए अब प्रशासन ने बडौदा महाविद्यालय के लिए सलमानिया में 4 हेक्टेयर जमीन प्रस्तावित कर ली गई है। जिसे जल्द ही कॉलेज के लिए आंवटित किया जाएगा। इधर एसैप छात्र संगठन ने सलमानिया में कॉलेज भवन बनाए जाने का विरोध करते हुए बडौदा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है और सलमानिया में कॉलेज पहुंचाए जाने के विरोध में आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

काफी लंबी मांग के बाद दो साल पहले बड़ौदा में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई है और दो साल से बडौदा स्थित बीज निगम के भवन में बडौदा के शासकीय महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। लेकिन बीज निगम का यह भवन कॉलेज संचालन के लिए सुविधा जनक नहीं है। मगर भवन के अभाव में कॉलेज का संचालन बीज निगम के भवन में करना कॉलेज प्रशासन की मजबूरी बन गया है। शासन ने बडौदा कॉलेज भवन का निर्माण किए जाने के लिए पहले जमीन का निर्धारण किए जाने के निर्देश प्रशासन को दिए है। जिसके बाद प्रशासन ने बडौदा कॉलेज भवन के लिए नजदीकी गांव मूंडला में करीब ढाई हेक्टेयर जमीन चिन्हित करते हुए उसका आंवटन कॉलेज के लिए कर दिया है। लेकिन यहां कॉलेज भवन का निर्माण होता,उसके पहले शासन ने उक्त जमीन को कॉलेज भवन निर्माण के लिए अपर्याप्त बताते हुए बजट देने से इनकार कर दिया। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि शासन की ओर से निर्देशित किया गया है कि कॉलेज भवन के लिए कम से कम 4 हेक्टेयर जमीन आंवटित होगी,तभी भवन निर्माण के लिए बजट दिया जाएगा। इधर प्रशासन ने मूंडला की जमीन अमान्य कर दिए जाने के बाद सलमानिया गांव में सायलो केन्द्र के पास 4 हेक्टेयर जमीन कॉलेज निर्माण के लिए ढूंढ ली है। जिसका जल्द ही आंवटन कॉलेज के लिए कर दिया जाएगा।



#### सलमानियां में पहुंचाया कॉलेज तो होगा आंदोलन

भलेही प्रशासन ने बडौदा कॉलेज के लिए सलमानिया गांव में जमीन ढूंढ ली हो,लेकिन एसैप छात्र संगठन की अगुवाई में कॉलेज के छात्रों ने सलमानियां में कॉलेज भवन बनाए जाने का अभी से विरोध करना शुरू कर दिया है। सोमवार को बडी संख्या में छात्रों ने बडौदा तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए कलेक्टर श्योपुर के नाम एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बडौदा कॉलेज को सात-आठ किलोमीटर दूर सलमानिया गांव में पहुंचाए जाने का निर्णय छात्र हित में नहीं है। क्योंकि वहां पढने जाने के लिए क्षेत्र के विद्यार्थियों को खासी असुविधा होगी। इसलिए बडौदा कस्बे में ही बडौदा कॉलेज का संचालन किया जाना चाहिए और इसका भवन भी यही बनना चाहिए। एसैप छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी ने चेतावनी दी है कि यदि कॉलेज को बड़ौदा से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित किया गया, तो इसके विरोध में छात्र संगठन सडक पर उतरकर आंदोलन करेगा। ज्ञापन दिए जाने के दौरान बडौदा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू मीणा, पवन बड़ौदा, दिलकुश बोरदा, अंकित कूड़ायथा,राजू अलापुरा, संजय मुंडला, गिर्राज मीणा, शिवकरण मीणा, विष्णु बोरदा आदि कई छात्र मौजूद थे।

#### मीणा होगे बड़ौदा कॉलेज के प्राचार्य

बडौदा में शासकीय महाविद्यालय का संचालन बीते दो साल किया जा रहा है। पिछले साल इस कॉलेज में 114 विद्यार्थी अध्ययनरत है और इस साल तीसरा शिक्षण सत्र चल रहा है। जिसके लिए प्रवेश की प्रकिया चल रही है। प्रवेश प्रकिया पूरी होने के बाद कुल दर्ज विद्यार्थियों की संख्या साफ हो जाएगी। फिलहाल शासकीय महाविद्यालय बडौदा के प्राचार्य की जिम्मेदारी गर्ल्स कॉलेज श्योपुर में पदस्थ प्रोफेसर पीएस मीणा को सौंपी गई है।

#### इनका कहना है

मूंडला की जमीन अमान्य कर दिए जाने के बाद अब सलमानिया में कॉलेज के लिए 4 हेक्टेयर जमीन ढूंढ ली है। कॉलेज प्रशासन की सहमति के बाद उक्त जमीन का आंवटन कॉलेज बडौदा के लिए कर दिया जाएगा।

**मनीषा मिश्रा**
**तहसीलदार बडौदा**

मूंडला में आंवटिज जमीन 4 हेक्टेयर से कम थी,इसलिए उक्त जमीन को शासन के द्वारा यह कहते हुए अमान्य कर दिया कि कॉलेज भवन निर्माण के लिए कम से कम 4 हेक्टेयर भूमि होना चाहिए,तभी बजट दिया जाना संभव हो पाएगा।

**डॉ ओपी शर्मा**
**प्राचार्य पीजी कॉलेज श्योपुर**

# मां के साथ मिलकर बेटे ने डंडा मारकर फोड़ दिया पिता का सिर

श्योपुर।पिता पुत्र के रिश्तों की मर्यादा को तार तार करने वाला एक मामला मानपुर थाना क्षेत्र के गांव जावदेश्वर में सामने आया है,जहां एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां के साथ मिलकर अपने ही पिता का डंडा मारकर सिर फोड दिया। इस मामले में पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर बेटे और मां के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम जावदेश्वर में सोमवार को पिता पुत्र के बीच यह विवाद पिता के द्वारा मना करने के बाद भी उसके हिस्से की जमीन को बेटे के द्वारा भत्ते पर दे दिए जाने की बात को लेकर हुआ।कहासुनी से शुरू हुआ विवाद इतना बढ गया कि जसवंत मीणा ने अपनी मां सावित्री बाई के साथ मिलकर अपने 60 वर्षीय पिता बाबूलाल मीणा का सिर डंडा मारकर फोड दिया। जिससे पिता बाबूलाल जख्मी हो गया। मानपुर टीआई पीएस यादव ने बताया कि विवाद के दौरान घायल हुए बाबूलाल मीणा को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया और उसकी रिपोर्ट पर उसके बेटे जसवंत और पत्नी सावित्री बाई के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### बीएलओ बनाने से नाराज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

श्योपुर। थोक बंद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाए जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा और उन्हें बीएलओ पद से मुक्त करने की मांग की। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने एसडीएम को बताया कि स्थानीय कर्मचारियों के नाम पर सभी सरकारी शिक्षकों ने खुद के नाम बीएलओ से हटाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशासन को सौंप दिए हैं जिसके चलते 165 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बना दिया गया है इनमें कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कम पढ़ी-लिखी अथवा अनपढ़ है ऐसी स्थिति में वह निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को कैसे करेंगी। एसडीएम ने इस मामले में सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।




# सूचना के अधिकार की उड़ाई जा रही धज्जियां समय सीमा में नहीं दी जा रही जानकारी

## जनपद नरवर से जानकारी नहीं मिलने पर आवेदन ने प्रथम अपीलीय अधिकारी को इसकी विधिवत अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 के तहत भले ही शासन द्वारा आम व्यक्ति के लिए शासकीय कार्यों में परदार्शिता लाने व समय सीमा में कार्य कराने की जानकारी प्रदान किया हो। इससे आम व्यक्ति सूचना के अधिकार का उपयोग कर किसी भी शासकीय कार्यालय में होने वाले शासकीय कार्य सहित सभी प्रकार की जानकारी शासन द्वारा निर्धारित फीस चुकाकर जानकारी हासिल करने का अधिकार प्राप्त हो।

लेकिन शिवपुरी जिले की नरवर जनपद पंचायत में सूचना का अधिकार अधिनियम की खुलेआम अधिकारी धज्जियां उड़ा रहे हैं। गौरतलब है कि न केवल जनपद पंचायत नरवर में पदस्थ अतीक मोहम्मद कुरैशी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा संविदा जनपद पंचायत नरवर के संबंध में आवेदन सैयद वाहिद अली मदीना मस्जिद के पीछे कर्नलगंज गुना द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी चाही गई थी। लेकिन जनपद नरवर में इस अधिनियम का माखौल उड़ाते हुए समय सीमा में जानकारी न देते हुए अनदेखा कर दिया गया है। इससे न केवल सूचना का अधिकार मजाक बन गया है बल्कि लोगों का सूचना के अधिकार से विश्वास उठता जा रहा है। वहीं जनपद नरवर से जानकारी नहीं मिलने पर आवेदन द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी को इसकी विधिवत अपील कर दी है। इसके बाद भी प्रथम अपीलीय अधिकारी जनपद सीईओ द्वारा भी यह कहा गया कि मेरे पास अपील हुई है मैं कल देखता हूं कि इसमें क्या जानकारी देना है और क्या नहीं मैं देखकर ही कल आदेश परित करूंगा। इस तरह के बेतुकी बयान भी सूचना के अधिकार में माखौल उड़ाने में कम नहीं पड़ रहे हैं।



प्रथम अपील
(सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 के अंतर्गत)

प्रति,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय,
जनपद पंचायत नरवर,
जिला शिवपुरी (म.प्र.)

सैयद वाहिद अली
मदीना मस्जिद के पीछे कर्नलगंज गुना,
तहसील व जिला गुना (म.प्र.)
.................... अपीलार्थी

विरुद्ध

लोक सूचना अधिकारी,
जनपद पंचायत नरवर,
जिला शिवपुरी (म.प्र.)
.................... प्रतिअपीलार्थी

महोदय,
सादर अनुरोध है कि :–
(1) अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (1) के अंतर्गत लोक सूचना अधिकारी कार्यालय जनपद पंचायत नरवर, जिला शिवपुरी को दिनांक 22.04.2025 को आवेदन (छायाप्रति संलग्न) प्रस्तुत कर श्री अतीक मोहम्मद कुरैशी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा (संविदा), जनपद पंचायत नरवर के सम्बंध मे निम्नांकित जानकारी ~~जानकारी~~ चाही गई थी –
(1) नियुक्ति आदेश की प्रमाणित प्रति।
(2) जनपद पंचायत नरवर मे पदस्थापना सम्बंधी आदेश की प्रमाणित प्रति।
(3) सेवा अभिलेख अनुसार जाति प्रमाण पत्र (अन्य पिछडा वर्ग का) की प्रमाणित प्रति।
(4) इनके द्वारा क्रय किये गये वाहन (हुंडयाई क्रेटा) कार क्रमांक MP33/ZG/3009 को क्रय करने के सम्बंध मे विभागीय अनुमति की प्रमाणित प्रति।
(5) इनके द्वारा घोषित (चल/अचल) सम्पत्ति के विवरण की प्रमाणित प्रति।
(2) लोक सूचना अधिकारी कार्यालय जनपद पंचायत नरवर, जिला शिवपुरी (म.प्र.) ने अपने पत्र क्रमांक/ज.पं./सू.का.अ./2025/475–476 दिनांक 19.05.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि

### इनका कहना है

मैने सूचना के अधिकार के तहत कार्यक्रम अधिकारी के संबंध में जानकारी चाही गई थी, लेकिन लोक सूचना अधिकारी ने मुझे यह कहते हुए जानकारी देने से मना कर दिया है कि इस अधिनियम के तहत हम आपको किसी की व्यक्तिगत जानकारी नहीं दे सकते हैं। जबकि अधिनियम के तहत जो चाही गई जानकारी है वह नियम में हैं।

**सैयद वाहिद अली**
**आवेदक गुना**

### इनका कहना है

सूचना के अधिकार के तहत जानकारी चाही गई है इसमें खबर बनने लायक क्या है। रही बात समय सीमा में जानकारी नहीं देने की तो यह दोनों का आपसी विवाद है, फिर भी मैं देख लेता हूं कि इसमें क्या जानकारी देना है और क्या नहीं देना है। इसका कल ही आदेश निकालता हूं।

**ब्रम्हेंद्र गुप्ता**
**सीईओ जनपद पंचायत**

### समय सीमा में नहीं दी जानकारी

सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन सैयद वाहिद अली द्वारा जनपद पंचायत नरवर में पदस्थ अतीक मोहम्मद कुरैशी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा संविदा जनपद पंचायत नरवर के सम्बंध में 22 अप्रैल 2025 को आवेदन प्रस्तुत कर कार्यक्रम अधिकारी का नियुक्ति आदेश की प्रमाणित प्रति, जनपद पंचायत नरवर में पदस्थापना सम्बंधी आदेश की प्रमाणित प्रति। सेवा अभिलेख अनुसार जाति प्रमाण पत्र अन्य पिछडा वर्ग की प्रमाणित प्रति। इनके द्वारा क्रय किए गए वाहन हुंडयाई क्रेटा कार क्रमांक एमपी 33 /जेड़जी 3009 को क्रय करने के सम्बंध में विभागीय अनुमति की प्रमाणित प्रति। इनके द्वारा घोषित चल-अचलद्ध सम्पत्ति के विवरण की प्रमाणित प्रति चाही गई थी। लेकिन यहा सूचना के अधिकार की धज्जियां उड़ाते हुए समय सीमा में आवेदक को जानकारी नहीं प्रदान की जा रही है। इससे परेशान होकर आवेदन द्वारा द्वितीय अपील कर अधिकार के तहत जानकारी मांगी जा रही है।

सपाक्स संघ की जिला बैठक में लिया गया निर्णय

# नए पदोन्नति नियमों के विरोध में सपाक्स संघ 27 को रैली निकालकर सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

सपाक्स संघ की बैठक का आयोजन शहर के माधव चौक स्थित प्रदेश शिक्षक संघ के दफ्तर पर किया गया। बैठक में सपाक्स व अधिकारी कर्मचारी राजपत्रित संघ के जिलाध्यक्ष व मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वत्सराज राठौड़ की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि प्रदेश सरकार कि कर्मचारियों को पदोन्नति देने को लेकर बनाए गए नए नियमों के विरोध में 27 जुलाई रविवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता आरएन शर्मा सहायक महाप्रबंधक एमपीआरडीए व व्याख्याता इंदू पाराशर द्वारा की गई। इस मौके पर सपाक्स के डॉ कौशल गौतम, हरभजन कौर, प्रोफे गजेंद्र सक्सेना, अचल सिंह कुशवाहा, अंगदसिंह तोमर, स्नेह रघुवंशी, रामकृष्ण रघुवंशी, केके भार्गव, पवन अवस्थी, राजकुमार सरैया,र राकेश आचार्य, यादवेंद्र चौधरी, राघवेंद्र प्रताप रघुवंशी, संतोष व्यास, सुनील उपाध्याय, महावीर मुद्गल, गजेंद्र सोलंकी, अनिल भदौरिया, सीपीजैन, मनोज पाठक शकील अहमद, अरविंद सरैया व राकेश सरैया सहित सपाक्स के पदाधिकारी मौजूद थे।




### पुराने नियम को नया नाम देकर लागू किए जा रहे पदोन्नति के नियम

सपाक्स संघ के जिलाध्यक्ष कौशल गौतम व प्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वत्सराज राठौड ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा साल 2002 में पदोन्नति में आरक्षण के लिए बनाए गए नियमों को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ मप्र शासन द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में अपील की गई। लेकिन प्रदेश शासन द्वारा साल 2002 के पदोन्नति में आरक्षण दिए जाने के नियमों के मुताबिक पदोन्नति नियम 2025 बनाए गए हैं। जिसमें एससी-एसटी वर्ग को 36 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। ऐसे में सामान्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारी व कर्मचारियों में खासा रोष है। इस संबंध में प्रदेश शिक्षक संघ कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में सपाक्स के कर्मचारियों रणनीति तैयार की गई। इसमें आगामी 27 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपे जाने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन के पूर्व एक रैली शहर में होकर निकाली जाएगी।

# मिट्टी के बने पार्थिव शिवलिंग की पूजा अर्चना कर किया विसर्जन

**दिनारा।** श्रावण माह के दूसरे सोमवार को महिलाओं द्वारा मिट्टी के पार्थिव शिवलिंगों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद शुभ मुहूर्त पर जल विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ का भजन कीर्तन कर खुद को धन्य किया। भोलेनाथ को 12 मास में सबसे प्रिय श्रावण मास का महीना लगता है महिलाओं ने बताया कि, श्रावण के चारों सोमवार को गांव की सभी महिलाएं व्रत रखने के साथ-साथ, पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण करती हैं। गांव के प्राचीन मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से जलाभिषेक कर, पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण शुरू किया जाता है। गांव की महिलाओं ने बताया कि, पवित्र श्री शिव महापुराण के अनुसार, भगवान भोलेनाथ को 12 मास में सबसे प्रिय श्रावण मास का महीना लगता है। पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर दूध, दही, शहद, चावल, चीनी, गुड आदि से भोग लगाते हैं। हर महिला 108 शिवलिंगों का निर्माण करती हैं। जिनकी विधि विधान से पूजा अर्चना कर, शाम साढ़े 6 बजे आरती गाकर, बहते हुए जल में प्रवाहित कर देते हैं। पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति महिलाओं ने बताया कि, भगवान भोलेनाथ के 108 नाम लेकर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और भगवान भोलेनाथ सभी कष्टों को हर लेते हैं। श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करने से, दांपत्य जीवन सुखद एवं दीर्घायु होता है।

# पिछोर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में रहा जिले में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग 17 जुलाई 2025 को जारी की गई, इसमें नगर परिषद पिछोर शिवपुरी द्वारा पूरे भारत में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सम्मलित सभी निकायों वर्ष 2024 में 132 वीं रैंक प्राप्त की हैं। इसी क्रम में शिवपुरी को 182वीं रैंक, नरवर को 318 वीं रैंक, बैराड को 329 वीं रैंक, करैरा को 360 वीं रैंक, बदरवास को 460 वीं रैंक, कोलारस को 543 वीं रैंक, खनियांधाना को 1102 वीं रैंक प्राप्त हुई है।

इसी क्रम में नगर परिषद पिछोर शिवपुरी द्वारा पूरे राज्य मध्यप्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सम्मलित निकायों में 108 वीं रैंक प्राप्त हुई हैं। नरवर को 241 वीं रैंक, बैराड को 249 वीं रैंक, शिवपुरी को 267 वीं रैंक, बदरवास को 313 वीं रैंक, करैरा को 318 वीं रैंक, कोलारस को 334 वीं रैंक, खनियांधाना को 370 वीं रैंक प्राप्त हुई हैं। जिले की तीन निकाय पोहरी, मगरौनी,र रन्नौद उक्त तीन निकाय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में शामिल नहीं हैं। इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 12500 अंक का हुआ था जिसमें नगर परिषद पिछोर को 9429 अंक प्राप्त हुये है तथा ग्वालियर चंबल संभाग में लगभग 60 निकायो की संभागीय प्रतिस्पर्धा में पिछोर को 11 वां स्थान है इस प्रकार नगर परिषद पिछोर द्वारा गतवर्ष की भांति जिला एवं संभाग में शानदार प्रदर्शन दिया गया है। पिछोर को स्वच्छता के पैमाने में बड़ी उपलब्धध दिलाने में कर्मचारीए अधिकारियों एवं आम जनता का विशेष सहयोग रहा है। नगर परिषद की मेनिजमेंट टीम ने कर्मचारियों के कार्य की कढी निगरानी की अध्यक्ष कविता विकास पाठक, उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता तथा सीएमओ आनंद शर्मा एवं सभी पार्षदों ने मिलकर नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया लोगों की शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया टिचिंग ग्राउण्ड की विशेष सफाई की गई। इसके कारण स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु केन्द्र से आई टीम संतुष्ट नजर आई जिसके वाद उम्मीद वढ गई थी कि स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछोर शानदार मुकाम हासिल करेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण में पिछोर द्वारा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने एवं संभाग में 11वां स्थान प्राप्त करने के लिए नगर वासियों द्वारा नगर परिषद प्रशासन मेनिजमेंट की सराहना की गई है। नगर परिषद स्वच्छता सर्वे में लगे स्टॉफ द्वारा आगामी वर्ष 2025 में पिछोर की रैंकिंग में और सुधार करते हुये प्रदेश में प्रथम पायदान पर पहुँचने का संकल्प लिया है। नगर परिषद पिछोर के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन नगर के लिए गर्व की वात है नगर परिषद द्वारा नगर को स्वच्छ रखने के लिये निरंतर प्रयास किये गये है एवं लोगों का भी इसमें सहयोग रहा है।



# चार दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का शुरू हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

छोटी बजरिया स्थित श्री राम जानकी मंदिर में सावन माह के सोमवार से चार दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन शुरू हुआ, जो गुरूवार तक चलेगा।

पंडित प्रेम नारायण शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर अभिषेक, पूजन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बच्चे शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आयोजन सोमवार से आरंभ होकर गुरुवार तक चलेगा। इन दिनों वार्ड वासियों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से अपील कर कार्यक्रम में परिवार सहित शामिल होने की अपील की है।

‘एक-दूसरे के गुण देखेंगे तो परिवार में एकता बनी रहेगी’

# बहुओं ने सास की उतारी आरती, गले लगकर प्रेम से रहने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ब्रह्माकुमारीज संस्थान के ज्ञान शिखर सेवाकेंद्र पर सावन माह के उपलक्ष्य में सावन महोत्सव मनाया गया। इसमें कई शिक्षाप्रद एक्टीविटी के माध्यम से सभी को संदेश दिया गया। महोत्सव में अलग-अलग ग्रुप बनाकर अनेक एक्टीविटी कराई गईं।

परिवार में एकता कैसे लाएं विषय पर सेवाकेंद्र संचालिका बीके सरोज दीदी ने कहा कि सभी सदस्य आपस में प्यार-स्नेह से रहें। एक-दूसरे की बातों को सम्मान दें, ख्याल रखें। आपस में एक-दूसरे में गुण देखें। कमियों को नजरअंदाज करें। एक-दूसरे का हौसला बढ़ाएं। यदि परिवार में कोई सदस्य किसी बात में कमजोर है तो उसका साहस बढ़ाएं, न कि तानें दें। आपस में मिल-जुलकर रहने से ही परिवार में एकता और सद्भाव बना रहता है।



### क्रिएटिव एक्टीविटी कराई

बीके जानकी दीदी ने सभी को क्रिएटिव एक्टीविटी कराई। इसमें सभी महिलाओं को पर्चियां दी गईं, जिसमें सास को बहू की और बहू को सास की पांच-पांच विशेषताएं व गुण लिखने को कहा गया। इस दौरान कई सास व बहू ने कहा कि मैंने पहले कभी गंभीरता से सोचा ही नहीं कि हमारी सास व बहू में इतनी विशेषताएं हैं। इस दौरान सभी बहुओं ने अपनी-अपनी सास की आरती उतारी और अपने मां की तरह सम्मान देने और ख्याल रखने का संकल्प किया।

### गुण देखेंगे तो गुणी बन जाएंगे

बीके जानकी दीदी ने कहा कि जैसे आज आप सभी ने एक-दूसरे में गुण देखे, इसी तरह भविष्य में भी घर में गुण देखकर चलेंगे तो गुणी बन जाएंगे। आपस में सास-बहू के रिश्ते अच्छे रहेंगे। जब एक घर में रहना है, साथ रहना है तो क्यों नहीं प्रेम-स्नेह के साथ खुशी-खुशी रहें। ऐसे में जीवन आसान बन जाएगा। खुशनुमा बन जाएगा। इस दौरान सभी महिलाओं ने सावन के भजन गाए। समापन पर शिव बाबा की आरती की गई। इस मौके पर बीके गुड्डी बहन, बीके मधु बहन, बीके रिया बहन, डॉ. कला अग्रवाल, डॉक्टर सुजाता अग्रवाल, युविका साहू, विजय बुखारिया, शशि जैन, कल्पना मिरला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# अभाविप नरवर इकाई ने संदीपनी विद्यालय में छात्र सम्मेलन का किया आयोजन

**दिनारा।** सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नरवर इकाई द्वारा संदीपनी विद्यालय में छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन अभाविप के स्थापना दिवस और राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता और स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर प्राचार्य धनीराम कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में तथा भाग संयोजक करेरा ऋतुराज यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्राचार्य धनीराम कुशवाह ने कहा कि अभाविप का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीयता की भावना का विकास करना, शिक्षा में सुधार लाना, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि संगठन छात्रों को सामाजिक एवं राष्ट्रीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करता है और उनमें नेतृत्व क्षमता व संगठनात्मक कौशल विकसित करता है। भाग संयोजक ऋतुराज यादव ने कहा कि वर्तमान समय में देश को जागरूक, सक्रिय और राष्ट्रभक्त युवाओं की आवश्यकता है। अभाविप युवाओं को ऐसा मंच प्रदान करता है, जहाँ वे नेतृत्व करना सीखते हैं, शिक्षा प्रणाली में सुधार लाते हैं और भारतीय संस्कृति की रक्षा करते हैं। संघर्षों और सेवा की भावना से तपकर, विद्यार्थी परिषद आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन बनकर उभरा है, जो हर छात्र का विश्वास और हर राष्ट्रभक्त का स्वाभिमान है। उन्होंने मिशन साहसी का उल्लेख करते हुए कहा कि अभाविप केवल कैंडल मार्च तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्राओं को निडर और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर अभाविप नगर अध्यक्ष गिर्राज सोनी, परिसर मंत्री संदीपनी विद्यालय अमन राजपूत, रितेश तिवारी, अंकित जाटव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।






# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल अछरौनी स्कूल में समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने संकल्प लेकर पेड़ लगाए गए।

साथ ही समस्त स्टाफ द्वारा छात्रों के साथ मिलकर शपथ ली। मां के नाम जो पेड़ लगाए हैं, उनको लगाकर ही सीमित नहीं होना हैं। इनका दिन प्रतिदिन पालन पोषण देख रेख का जिम्मा लिया गया। बताया कि जब ये पेड़ बड़े होंगे तो आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण के लिए संदेश देंगे।

इसमें प्राचार्य पंकज मिश्रा, पवन जैन, शास्त्री, सियाराम अहिरवार, शिवम् पाठक, संदीप पांडे, जितेंद्र सिंह परमार नाती राजा, प्रवेंद्र लोधी, आकाश लोधी, आसमा खान, लक्ष्मी पाल, नरेंद्र ओझा, रुपेश राजोरिया समाचार स्टॉप छात्र-छात्राओं सहित उपस्थित थे।

विवाह कन्या योजना की राशि को लेकर कांग्रेस ने किया सर्वोदय चौक पर धरना प्रदर्शन

# समय पर राशि नहीं मिली तो सर्वोदय चौराहा पर करेंगे आत्मदाह : इंदर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में हुए विवाह के कुछ हितग्राहियों के खातों में राशि नहीं पहुंचने के विरोध में सोमवार को सर्वोदय चौराहा पर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में काफी अनियमिताओं के साथ भ्रष्टाचार से इनकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि बीना में हुए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से हुए विवाह की राशि अभी तक अधिकांश बहनों के खातों में नहीं डाली गई। उन्होंने विवाह में फर्जीवाड़ा व भ्रष्टाचार होने की बात कही है।

उन्होंने बताया कि विगत मंगलवार को जनसुनवाई में हमारे नेतृत्व में शासन और प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया था। विवाह संपन्न होने के बाद भी कन्याओं को शासन द्वारा दी जाने वाली राशि के लिए काफी परेशान किया जा रहा है। क्योंकि शासन द्वारा राशि खातों में डाली नहीं गई है। पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर ने चेतावनी देते हुए कहा कि विवाह कन्या योजना की राशि यदि समय पर नहीं पहुंची तो सर्वोदय चौराहा पर वह आत्मदाह करेंगे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत जो विवाह संपन्न हुए उनमां बीना के अलावा लगी हुई विधानसभाओं में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की राशि उनके खातों में पहुंच चुकी है किंतु बीना में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के आवेदन विधायक कार्यालय में पंजीयन करने से प्रशासन को जो दिक्कत आई है और यह राशि अभी तक उनके खातों में नहीं पहुंच सकी है। उन्होंने इसका जिम्मेदार विधायक को ठहराया है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा अगर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि एक हफ्ते के अंदर उनके खातों में नहीं पहुंची तो फिर विधायक के निवास के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। विधायक ने बीना की जनता के साथ दगा किया है और कांग्रेस से धोखा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विवाह पंजीयन जनपद पंचायत एवं नगर पालिका से होने थे लेकिन पंजीयन विधायक ने अपने घर से करवाए। जिस कारण आज विवाह करने वाले परिवार परेशान हो रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि उनके समक्ष कई ऐसे परिवार बैठे हुए हैं जिनकी बच्चियों एवं बेटों की शादी की राशि आज दिनांक तक खातों में नहीं आई है। धरना प्रदर्शन के दौरान अशोक परिहार, महेंद्र नवैया, प्रमोद राय, मोतीलाल अहिरवार आदि ने अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर जगदीश पाराशर, उमा महेंद्र नवैया, सतीश तिवारी, नरेंद्र सिंह ठाकुर, रामकिशन अहिरवार, ममता अहिरवार, शिवानी बौद्ध जिला पंचायत सदस्य खुशी लाल अहिरवार, श्याम व्यास, आदेश समैया, देवेंद्र कुशवाहा पुरुषोत्तम तिवारी, सुरेश तिवारी, हरिनारायण कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।



